जिले में रक्षाबंधन बना मिसाल

- किन्नर समाज ने पुलिसकर्मियों व मीडिया कर्मियों को बांधी राखी

हरदा, 28 अगस्त . भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का पावन पर्व रक्षाबंधन जिलेभर में उत्साह, उमंग और उल्लास के साथ मनाया गया. सुबह से ही घरों में पूजा-अर्चना और पारंपरिक विधि-विधान के साथ पर्व की शुरुआत हुई.

बहनों ने भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी कलाई पर रक्षासूत्र बांधा और सुख-समृद्धि, स्वस्थ जीवन एवं दीर्घायु की कामना की. भाइयों ने भी बहनों को उपहार भेंट कर जीवनभर उनकी रक्षा करने और हर सुख-दुख में साथ खड़े रहने का संकल्प लिया. रक्षाबंधन को लेकर शहर के बाजारों में भी विशेष चहल-पहल रही. राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर दिनभर ग्राहकों की भीड़ उमड़ती रही. बड़ा मंदिर क्षेत्र सहित प्रमुख बाजारों में रंग-बिरंगी राखियों की आकर्षक दुकानें सजी रहीं. बच्चों से लेकर युवाओं और महिलाओं तक के लिए अलग-अलग डिजाइन और आकर्षक राखियां उपलब्ध रहीं. मिठाई और उपहारों की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की.

रक्षाबंधन के अवसर पर हरदा में किन्नर समाज की ओर से भाईचारे और सामाजिक समरसता की अनूठी मिसाल पेश की गई. समाज की सदस्य तपस्या दीदी के नेतृत्व में किन्नर समाज के सदस्य सिटी कोतवाली और सिविल लाइन थाना पहुंचे तथा पुलिसकर्मियों को राखी बांधी. उन्होंने तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा और मिठाई खिलाकर रक्षाबंधन की खुशियां साझा कीं.

किन्नर समाज की ओर से मीडियाकर्मियों को भी राखी बांधी गई। तपस्या दीदी ने कहा कि पुलिसकर्मी अपने परिवार से दूर रहकर भी दिन-रात लोगों की सुरक्षा में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं.ऐसे में रक्षाबंधन पर उन्हें राखी बांधकर बहन के स्नेह का अहसास कराने का प्रयास किया गया है। इसी तरह मीडियाकर्मी भी जिम्मेदारी निभाते हुए समाज तक खबरें पहुंचाते हैं, इसलिए उन्हें भी राखी बांधी गई. पुलिस अधिकारियों ने किन्नर समाज की इस पहल की सराहना करते हुए इसे भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का सुंदर संदेश बताया.

दूरस्थ भाइयों तक पहुंची राखियां

पर्व को लेकर परिवारों में खासा उत्साह दिखाई दिया. दूसरे शहरों में रहने वाली बहनें अपने भाइयों के घर पहुंचीं और राखी बांधकर पर्व की खुशियां साझा कीं. वहीं, जो बहनें किसी कारणवश भाई के पास नहीं पहुंच सकीं, उन्होंने डाक एवं अन्य माध्यमों से राखियां भेजकर भाई-बहन के रिश्ते की डोर को मजबूत बनाए रखा. घरों में एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी गईं.

यातायात के पुख्ता इंतजाम

रक्षाबंधन पर बाजारों में बढ़ी भीड़ को देखते हुए हरदा शहर में यातायात व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए गए. प्रमुख बाजार क्षेत्रों में लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गईं, जिससे पर्व के दौरान आमजन को परेशानी का सामना न करना पड़े.

कृषि उपज मंडी में सोमवार से होगा नीलामी कार्य

पिपरिया . कृषि उपज मंडी में तीन दिन अवकाश रहेगा। रक्षाबंधन, कजलिया और रविवार के कारण कृषि उपज मंडी में तीन दिन नीलामी कार्य बंद रहेगा। कृषि उपज मंडी सचिव चंद्रशिवराम उईके ने बताया कि रक्षाबंधन के कारण शुक्रवार, कजलिया के कारण शनिवार को हम्माल-तुलावटी द्वारा दिए गए आवेदन के अनुसार मंडी में कार्य नहीं होगा। रविवार को अवकाश होने के कारण शुक्रवार, शनिवार और रविवार को तीन दिन नीलामी एवं तौल का कार्य नहीं होगा। मंडी प्रबंधन ने इस संबंध में मुनादी भी कराई है और किसानों से अपील की है कि वे अपनी उपज सोमवार को मंडी में लेकर आएं। सोमवार से मंडी में नीलामी कार्य शुरू होगा।

तीन दिन का अवकाश रहेगा

इंदिरा चौक पर कपड़े की दुकान में भीषण आग, लाखों का माल हुआ खाक

समय रहते फायर ब्रिगेड ने पाया आग पर काबू

नवभारत न्यूज

नर्मदापुरम, 28 अगस्त . शहर के व्यस्त इंदिरा चौक पर गुरुवार देर रात करीब 12 बजे कपड़े की दुकान में अचानक आग लग गई. दुकान से धुआं और लपटें निकलती देख स्थानीय लोगों ने तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना दी.

समय रहते आग पर काबू पा लिया गया, जिससे आग आसपास की दुकानों तक फैलने से बच गई और बड़ा हादसा टल गया. जानकारी के मुताबिक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के बाजू में स्थित एमआईके मेंस वियर कपड़ा दुकान में देर रात आग लगी। घटना के समय दुकान बंद थी. शटर के नीचे से धुआं और लपटें निकलती देख बाजार में मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई. कुछ ही देर में मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई. दुकान संचालक के अनुसार, आग की इस घटना में चार लाख रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है.

पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके का निरीक्षण कर घटना की जांच शुरू कर दी है. समय रहते आग बुझा दिए जाने से आसपास की दुकानें सुरक्षित बच गईं. यदि आग पर समय रहते काबू नहीं पाया जाता तो यह पूरे बाजार में फैल सकती थी और बड़ा हादसा हो सकता था.

बहनों ने भाइयों की कलाई पर बांधी राखी

- भाई-बहन के प्रेम से सराबोर रहा रक्षाबंधन
- बाजारों में सुबह से ही रही रौनक

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 28 अगस्त . राखी का धागा छोटा जरूर होता है, लेकिन इसमें बंधा रिश्ता बहुत बड़ा होता है. यह पर्व सिर्फ भाई की कलाई पर बंधने वाले धागे का प्रतीक नहीं. अपितु उस भरोसे का प्रतीक होता हैं.

जिसमें बहन भाई की सलामती की दुआ करती है, और भाई उसकी खुशियों और सुरक्षा के लिए हर मुश्किल में खड़े साथ खड़े होने का वचन देना है. शुक्रवार को जिलेभर में रक्षाबंधन का पर्व हर्षोल्लास और उमंग के साथ मनाया गया. सुबह से ही घरों में रक्षाबंधन पर्व को लेकर उत्साह का माहौल रहा.बहनों ने शुभमुहूर्त में भाइयों की कलाई पर राखी रूपी रक्षा सूत्र बांधा और उनके सुख, समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना की. भाइयों ने भी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें उपहार भेंट किए. रक्षाबंधन को लेकर बाजारों में भी रौनक देखने को मिली.

शहर के प्रमुख बाजारों में राखियों, मिठाइयों और उपहारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ रही. बहनों ने अपनी पसंद की रंग-बिरंगी और आकर्षक राखियां खरीदीं. मिठाई की दुकानों पर भी ग्राहकों की आवाजाही बनी रही. पर्व के चलते सुबह से ही बहनों का भाइयों के घर पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था.

हिंदी साहित्य परिषद की बैठक आयोजित

पिपरिया. हिंदी दिवस के आयोजन के लिए नगर की साहित्यिक संस्था हिंदी साहित्य परिषद की बैठक आयोजित की गई. संस्थाध्यक्ष ओम भार्गव के निवास पर आयोजित बैठक में हिंदी दिवस एवं परिषद के स्थापना दिवस को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. इस मौके पर संस्था द्वारा प्रकाशित पुस्तक का विमोचन भी किया जाएगा. ओम भार्गव की माता स्व. शारदा देवी भार्गव के निधन पर श्रद्धांजलि दी गई. परिषद के समस्त सदस्यों की ओर से परिवार को संवेदना पत्र देकर शोक संवेदना व्यक्त की गई. इसी दौरान नगर की प्रतिष्ठित साहित्यिक संस्था अनहद के सदस्य भी मौके पर उपस्थित हुए और संवेदना पत्र देकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं.

ईद मिलादुन्नवी स्वच्छता अभियान की सराहना

- मंत्रालय ने अभियान को बताया जनभागीदारी की मिसाल

नर्मदापुरम, 28 अगस्त . ईद मिलादुन्नवी के जुलूस के पीछे नगरपालिका द्वारा चलाए गए विशेष चलित स्वच्छता अभियान की भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय ने सराहना की है. मंत्रालय के आधिकारिक स्वच्छ भारत अर्बन' एक्स पेज पर अभियान की तस्वीरें पोस्ट कर इसे स्वच्छता और जनभागीदारी की मिसाल बताया गया.

पोस्ट में कहा गया कि नर्मदापुरम् नगरपालिका ने ईद मिलादुन्नवी के जुलूस के दौरान नागरिकों की भागीदारी से विशेष स्वच्छता अभियान चलाया. इसे जीरो वेस्ट आयोजन के रूप में तैयार किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने सहयोग किया. नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी वैभव देशमुख के मार्गदर्शन में अभियान संचालित हुआ. स्वच्छ भारत अभियान के नोडल अनुराग तिवारी ने कहा कि नगरपालिका का प्रयास है कि स्वच्छता के मामले में नर्मदापुरम् देश में नंबर एक बने. नपाध्यक्ष ने केंद्र सरकार की सराहना को नगरवासियों के प्रयास का सम्मान बताया.

अज्ञात ने रजिस्ट्रार कार्यालय की एमपी स्वान केबल काटी

पिपरिया, 28 अगस्त . तहसील परिसर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय, लोक सेवा केंद्र, जनपद सहित विभिन्न तहसील क्षेत्र के कार्यालयों में अज्ञात व्यक्ति द्वारा तहसील कार्यालय की छत से एमपी स्वान की केबल काट देने से कार्य प्रभावित हुआ.

पिपरिया एमपी स्वान राजस्व तहसील कार्यालय के नेटवर्क इंजीनियर शैलेष कुमार नरवरे ने स्टेशन रोड थाने में शिकायत की है. उन्होंने बताया कि वे 4 अगस्त से 18 अगस्त तक नागद्वारी मेले में ड्यूटी पर थे. उनका एमपी स्वान कार्यालय तहसील कार्यालय के ऊपर स्थित है.

4 अगस्त से 18 अगस्त के बीच जब वे अपने कार्यालय में नहीं थे, उसी दौरान तहसील कार्यालय की छत के ऊपर से उनके कार्यालय के पास लगी केबल को कोई अज्ञात व्यक्ति काटकर ले गया. तहसील के पीछे रखे जनरेटर का इलेक्ट्रॉनिक सामान भी गायब है. स्टेशन रोड पुलिस ने आवेदन लेकर जांच शुरू कर दी है.

भ्रष्टाचार और किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ प्रदर्शन

मटकुली, 28 अगस्त . मध्यप्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी एवं नर्मदापुरम जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत पांडे के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मटकुली के तत्वावधान में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार और किसानों की समस्याओं को लेकर विशाल विरोध प्रदर्शन किया गया.

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश उईके के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने झिरपा चौराहे से बस स्टैंड होते हुए पेट्रोल पंप तक पैदल मार्च निकाला. प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने शक्कर, दाल, खाद्य तेल, प्याज, पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस सिलेंडर सहित दैनिक उपयोग की वस्तुओं के बढ़ते दामों पर आक्रोश व्यक्त किया. कार्यकर्ताओं ने हाथों में रसोई गैस सिलेंडर लेकर और आम नागरिकों को शक्कर वितरित कर अनोखे अंदाज में महंगाई के खिलाफ विरोध जताया. इस दौरान 'भाजपा सरकार होश में आओ' और 'महंगाई आसमान छू रही है, भाजपा सरकार सो रही है' जैसे नारे लगाए गए. इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कमलेश उईके, ब्लॉक उपाध्यक्ष हीरालाल पाल, राजू काकोडिया, ब्लॉक सचिव सतीश मरकाम, खैरीकला मंडलम अध्यक्ष शिवनंदन रघुवंशी, पनारी मंडलम अध्यक्ष राघवेंद्र ठाकुर, सिंगानामा मंडलम अध्यक्ष अशोक यादव सहित बलिराम कुमरे, विनोद उईके, शैलेंद्र मालवीय, अंकित राय, रामलाल मर्सकोले, राकेश भल्लवी, हरीश कुमरे, राजू उईके, छोटेवीर उईके, मनोज उईके, महेश मर्सकोले, विष्णु मरकाम, राजीव टेकाम, सुग्रीव भल्लवी, कैलाश उईके, सुखराम विश्वकर्मा और सुजीत ठाकुर सहित विभिन्न मंडलम एवं ग्राम पंचायत कांग्रेस कमेटियों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

मामूली विवाद को लेकर मारपीट में युवक घायल

पिपरिया, 28 अगस्त . लोहियावार्ड में साधारण विवाद को लेकर मारपीट हो गई, जिससे एक युवक घायल हो गया. प्राथमिक उपचार के बाद उसे नर्मदापुरम रेफर किया गया.

स्टेशन रोड थाने के अंतर्गत लोहियावार्ड निवासी सोनिया पति नितिन सिलावट ने पुलिस को बताया कि उनके पति नितिन के घर लौटते समय उनका हाथ कुणाल संतोरे को लग गया. इसी बात को लेकर कुणाल और लोकेश कहार ने गाली-गलौज करते हुए बेल्ट से मारपीट की, जिससे नितिन के सिर में चोट आई. लोकेश ने हाथ का कड़ा निकालकर नितिन पर हमला किया. इसी दौरान राजेश केवट के घर में राजेश ने भी नितिन के साथ मारपीट की और सीढ़ियों से धक्का दिया, जिससे नितिन के सिर में चोट आई. मारपीट के दौरान नितिन की बहन भानू, जीजा बंटीनाथ और अनिश बाथरे ने बीच-बचाव किया.

विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रयास रंग लाए

नर्मदा महाविद्यालय में विधि पाठ्यक्रमों की संबद्धता बहाल

इटारसी, 28 अगस्त . नर्मदापुरम विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के प्रयासों से नर्मदापुरम स्थित शासकीय नर्मदा पीजी महाविद्यालय में संचालित विधि पाठ्यक्रमों की संबद्धता बहाल हो गई है.

बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल ने महाविद्यालय में एलएलबी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष तथा बीए एलएलबी पाठ्यक्रमों के लिए सत्र 2025-26 एवं 2026-27 की अस्थायी संबद्धता की निरंतरता प्रदान करने के आदेश जारी किए हैं.

विधायक डॉ. शर्मा ने इस मामले को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, आयुक्त उच्च शिक्षा एवं प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा से लगातार चर्चा और पत्राचार किया था. इसके बाद छात्र हित में यह निर्णय लिया गया. आदेश जारी होने से विधि पाठ्यक्रमों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को बड़ी राहत मिली है. विद्यार्थियों ने विधायक का आभार जताया है.

इनका कहना है...

विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. एसबी सिंह द्वारा 26 अगस्त को जारी आदेश के अनुसार महाविद्यालय में एलएलबी के तीनों वर्षों और बीए एलएलबी (ऑनर्स) की संबद्धता निरंतर की गई है. प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए 60-60 सीटें निर्धारित हैं. यह संबद्धता बार काउंसिल ऑफ इंडिया के अनुमोदन की प्रत्याशा में विभिन्न शर्तों के अधीन प्रदान की गई है.

31 अगस्त को सर्व समाज की शांतिपूर्ण रैली निकलेगी

पिपरिया, 28 अगस्त . यूजीसी से जुड़े प्रावधानों एवं आरक्षण व्यवस्था के विरोध में सर्व समाज द्वारा 31 अगस्त को शांतिपूर्ण रैली निकालकर प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा.

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर सर्व समाज की बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में समाज के लोगों ने शामिल होकर रैली को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की. बैठक में तय कार्यक्रम के अनुसार 31 अगस्त को दोपहर 11 बजे चिंताहरण हनुमान मंदिर, रेस्ट हाउस के पास सर्व समाज के लोग एकत्रित होंगे. यहां से शांतिपूर्ण रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय पहुंचकर प्रधानमंत्री एवं राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा. इसके बाद रैली के रूप में मंगलवारा चौराहा पहुंचकर सांसद दर्शन सिंह चौधरी को भी ज्ञापन सौंपा जाएगा. बैठक में आयोजकों ने सभी समाजों के लोगों से शामिल होने और इसे सफल बनाने की अपील की.

मानसून , प्रदेश में मानसून तेज, निवाड़ी के ओरछा में 162 मिमी बारिश

नर्मदापुरम संभाग में फिर झमाझम बारिश

इटारसी, 28 अगस्त . मध्यप्रदेश में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है. पिछले 24 घंटों में प्रदेश के भोपाल, नर्मदापुरम, रीवा, ग्वालियर और सागर संभागों में कई स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश दर्ज की गई.

मौसम विभाग के अनुसार निवाड़ी जिले के ओरछा में सर्वाधिक 162 मिमी बारिश हुई. मऊगंज के हनुमना में 120 मिमी और शिवपुरी के बैराड़ में 110 मिमी वर्षा दर्ज की गई. विजयपुर में 65 मिमी और टीकमगढ़ के बलदेवगढ़ में 61 मिमी बारिश हुई. बारिश के कारण भोपाल, नर्मदापुरम और जबलपुर संभागों में अधिकतम तापमान में 2.1 से 2.6 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई. प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान बड़वानी के तालुन में 31.2 डिग्री और सबसे कम न्यूनतम तापमान धार में 20.3 डिग्री दर्ज किया गया.

नर्मदापुरम जिले में भी बारिश का दौर जारी रहा. पचमढ़ी में 46 मिमी, इटारसी में 26.4 मिमी, डोलरिया में 17.3 मिमी, सिवनी मालवा में 11 मिमी, माखननगर में 8 मिमी और सोहागपुर में 6 मिमी वर्षा दर्ज की गई। बारिश के कारण क्षेत्र में मौसम सुहाना हो गया है.मौसम विभाग ने लोगों को जलभराव वाले निचले इलाकों और पुल-पुलियों से दूर रहने की सलाह दी है. आंधी-तूफान के दौरान पेड़ों के नीचे आश्रय नहीं लेने तथा किसानों को खेतों से पानी की निकासी सुनिश्चित करने और कटी फसलों को तिरपाल से ढककर रखने की सलाह दी गई है.

9 जिलों में भारी बारिश की चेतावनी

मौसम केंद्र भोपाल ने 29 अगस्त की सुबह तक अनूपपुर और उमरिया जिलों में अति भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. इन जिलों में आकाशीय बिजली चमकने और 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना भी जताई गई है. वहीं नर्मदापुरम, रायसेन, सीधी, कटनी, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, छतरपुर और टीकमगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है. भोपाल, विदिशा, सीहोर, राजगढ़, बैतूल, हरदा, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर और सागर सहित कई जिलों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ने और तेज हवाएं चलने की संभावना है.

महंगाई के विरोध में पिपरिया कांग्रेस का धरना

पुतला दहन एवं रैली

नवभारत न्यूज

पिपरिया, 28 अगस्त .ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पिपरिया ग्रामीण, नगर कांग्रेस एवं मटकुली ब्लॉक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार एवं सरकार की जनविरोधी नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया गया तथा पुतला दहन कर विरोध दर्ज कराया गया.

धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बाजार में रैली निकालकर आमजन के बीच बढ़ती महंगाई का मुद्दा उठाया. कार्यकर्ताओं ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई से आम आदमी का घरेलू बजट बिगड़ गया है. खाद्य सामग्री, सब्जियों, तेल, पेट्रोल-डीजल, बिजली बिल, शिक्षा एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं की बढ़ती कीमतों ने आम परिवारों की परेशानियां बढ़ा दी हैं. रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महंगाई, भ्रष्टाचार और सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए सरकार से आम जनता को राहत देने की मांग की. इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण नरेंद्र दुबे, नगर अध्यक्ष उदय सिंह राजपूत, नगर सेवादल अध्यक्ष अमित वर्मा, कमलेश उईके सहित पदाधिकारी, सदस्य और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे. कांग्रेस नेताओं ने कहा कि जनता की आवाज को मजबूती से उठाना कांग्रेस की जिम्मेदारी है और आमजन से जुड़े मुद्दों को लेकर आगे भी संघर्ष जारी रहेगा.